14/03/2022



# म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), भोपाल

क्रमांकः /मुवि/मप्रभोमुविवि/2022 भोपाल, दिनांकः / /2022

## डिग्री प्रमाणपत्र (डाटा सहित) मुद्रण की ई–निविदा–वर्ष 2022

म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के डिग्री प्रमाणपत्र (डाटा सहित) मुद्रण की ई–निविदा वर्ष 2022 हेतु ऑन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते तथा निविदा में भाग लेने हेतु साईट https://mptenders.gov.in पर विजिट करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000 /–(पॉच हजार रूपये) तथा निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) राशि रूपये 2,00,000/–(दो लाख रुपये) हैं। इस राशि को ऑन–लाईन ही जमा किया जाना है। मुद्रित करवाई जाने वाली डिग्रियों की अनुमानित संख्या 1,50,000 (एक लाख पचास हजार) है।

निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in व https://mpbou.edu.in पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | 04/04/22 | 10:00 बजे से |
| 02 | प्री–बिड मीटिंग | 07/04/22 | 12:00 बजे से |
| 03 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि | 08/04/22 | 12:00 बजे से |
| 04 | निविदा फार्म डाउनलोड/क्रय करने की अंतिम तिथि | 18/04/22 | 17:30 बजे तक |
| 05 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 18/04/22 | 17:30 बजे तक |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि | 20/4/22 | 15:00 बजे |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://mpbou.edu.in पर भी उपलब्ध है।

कुलसचिव

1.7 प्रक्रिया–1:

# म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

## डिग्री प्रमाणपत्र (डाटा सहित) मुद्रण की ई–निविदा–वर्ष 2022

### भाग – 1
### निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 सभी निविदाकार, निविदा प्रपत्र भरने/ प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा से संबंधित समस्त अर्हतायें, शर्ते एवं कार्य से संबंधित प्रक्रिया के बारे में दिये गये विवरणों को सावधानी पूर्वक पढ़ लें। निविदा के संबंध में किसी प्रकार के स्पष्टीकरण एवं शंका के समाधान हेतु कार्यालयीन समय में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

1.2 <u>कार्य का विवरण</u> :–यह ई–निविदा म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रदाय किए जाने वाले डिग्री/डिप्लोमा प्रमाणपत्र (डाटा सहित) मुद्रण हेतु आमंत्रित की जा रही हैं, जो **हेण्डमेड पेपर पर** तैयार की जानी है। अनुबंधकर्ता, निर्धारित समयसीमा में स्वयं के व्यय पर विश्वविद्यालय मुख्यालय में निर्देशित स्थान पर डिग्री प्रमाणपत्र सौंपेंगें।

1.3 निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करे। निविदा सम्बन्धी जानकारी म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://mpbou.edu.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

1.4 डिग्री/डिप्लोमा प्रमाणपत्र (डाटा सहित) मुद्रण की ई–निविदा को वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी। मुद्रित करवाई जाने वाली डिग्रियों की अनुमानित संख्या 1,50,000 (एक लाख पचास हजार) है।

1.5 निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड/कय करने की प्रारंभ तिथि | 04/4/22 | 10:00 बजे से |
| 02 | प्री–बिड मीटिंग | 07/4/22 | 12:00 बजे से |
| 03 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि | 08/4/22 | 12:00 बजे से |
| 04 | निविदा फार्म डाउनलोड/कय करने की अंतिम तिथि | 18/4/22 | 17:30 बजे तक |
| 05 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 18/4/22 | 17:30 बजे तक |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि | 20/4/22 | 15:00 बजे |

1.6 यदि निविदा खुलने की तिथि पर अपरिहार्य कारणों से निविदा नहीं खोली जा सकी तो उसे अगले कार्य दिवस पर दोपहर 3:00 बजे खोला जायेगा। इसकी पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी।

1.7 **प्रक्रिया–1**: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000/–(पॉच हजार रुपये) हैं। निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) रूपये 2,00,000/–(दो लाख रुपये मात्र) है। इन्हें ऑन लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है। उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रतिभूति राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.8 **प्रक्रिया–2** : प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी।

1.9 **प्रक्रिया–3** : प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। वित्तीय निविदा को एक्सेल शीट में ऑन–लाईन प्रस्तुत किया जाना है।

## भाग – 2
## तकनीकी निविदा की अर्हतायें

**2.1 अनुभवः–** (i) संस्था का डिग्री मुद्रण कार्य का 10 वर्षो का अनुभव होना चाहिए। अनुभव के कार्य आदेश की प्रतियॉ प्रमाणस्वरूप अपलोड की जायें।

(ii) कम से कम पॉच मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थाओं में डिग्री मुद्रण कार्य किया हो। अनुभव के कार्य आदेश की प्रतियॉ प्रमाणस्वरूप अपलोड की जायें।

(iii) **प्रारूप–5** में दर्ज अनुभव के प्रमाण भी अपलोड किए जायें।

2.2 **टर्न ओवरः–** निविदाकार का विगत् पांच वर्षो में से तीन वर्षो का डिग्री प्रमाणपत्र मुद्रण कार्य का औसत वार्षिक टर्नओवर रू0 **एक करोड** होना चाहिए। संबंधित तीनों वित्तीय वर्षो के वास्तविक टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि **प्रारूप–4** पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत की जानी अनिवार्य होगी।

2.3 **बेलेन्सशीटः–** पिछले पॉच में से तीन वित्तीय वर्षो की चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित बेलेन्सशीट तथा अंकेक्षित अंतिम लेखे ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2.4 **इनकम टैक्स :–** विगत तीन वित्तीय कर निर्धारण वर्षो (2019–20, 2020–21, 2021–22) के इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2.5 **शपथपत्रः–** निविदाकार फर्म को **प्रारूप–3** अनुसार निम्न घोषणाऐं रू0 1000/– (रू. एक हजार मात्र) के स्टाम्प पर शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है :–

- मैं निविदाकर्ता संस्था.................................................... (फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ................................................................. (एकल स्वामी/ साझेदार/ संचालक/ मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हू तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता ...........................................है।
- मैने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्तें मुझे तथा हमारी संस्था को अक्षरशः मान्य हैं।
- निविदा में वर्णित सभी कार्यो को सम्पादित करने के लिए मेरे/ हमारी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां उपलब्ध हैं।
- हमारी संस्था को किसी भी शास0/अर्ध शास0 संस्था/उपक्रम/सहकारी संघ से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है।
- हमारी फर्म पर किसी शासकीय संस्था/ उपक्रम तथा बैंक की देनदारी शेष नहीं हैं एवं हमारी फर्म को कभी भी दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।
- हमारी फर्म को आयकर, वाणिज्य कर एवं अन्य करों के भुगतान के संबंध में डिफाल्टर घोषित नहीं किया गया है। इस संबंध में हमारे विरूद्व कभी भी वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई है और न ही किसी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही वर्तमान में प्रचलन में है। हमारी संस्था के विरूद्ध डिग्री मुद्रण कार्य सम्बन्धी, कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी आपराधिक मामले में सीधे दोषी पाया गया है।
- मेरे/ हमारी संस्था द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गई सभी जानकारियां पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणिक है। किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे/ हमारे द्वारा निष्पादित निविदा निरस्त किया जाना मुझे/हमें मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) को म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा राजसात किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

2.6 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म की मुद्रा (सील) सहित हस्ताक्षर होने चाहिए, निविदा के साथ अपलोड करें :–

(क) संस्था/फर्म/कम्पनी के वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति ।
(ख) आयकर विभाग द्वारा जारी पेन/टेन (PAN/TAN) नंबर की छाया प्रति ।
(घ) जीएसटी (GST) पंजीयन की प्रति ।
(ड़) पिछले तीन जीएसटी रिटर्न की छाया प्रतियॉ । (जी.एस.टी. जमा करने के संबंध में, किसी प्रकार की छूट प्राप्त है तो, संबंधित प्रमाणपत्र संलग्न करे)
(च) संस्था/फर्म/कम्पनी का डिग्री मुद्रण कार्य का ISO: 9001 – 2015 प्रमाणपत्र।

2.7 **प्रत्येक पृष्ठः**–निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मुद्रा (सील) लगाकर हस्ताक्षरयुक्त अपलोड करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मुद्रा (सील) एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे मान्य नहीं किया जावेगा** । संलग्न दस्तावेजों की सूची एवं पृष्ठ संख्या **प्रपत्र 1** में अंकित करें।

2.8 **निर्धारित प्रपत्रः**–निविदा निर्धारित प्रपत्र पर ही मान्य होगी। एक बार निविदा प्रपत्र क्रय करने के उपरांत निविदा की मूल्य राशि वापसी योग्य नहीं होगी।

2.9 **सेम्पल (नमूना की प्रति)**:– निविदाकर्ता को तीन विश्वविद्यालयो/शैक्षणिक संस्थाओं के पूर्व में मुद्रित डिग्री प्रमाणपत्र का नमूना प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। **निविदा के भाग 4 अनुसार चाही गई डिग्री/प्रमाणपत्र के नमूने (Samples) भी संलग्न करने होंगे । इन सभी नमूनो में निविदा के भाग–4 अनुसार सभी फीचर्स को चिन्हित करना अनिवार्य (Compulsory) है।**

उक्तानुसार **सेम्पल (नमूना की प्रति)** डाक अथवा पत्र वाहक से कुलसचिव, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, कोलार रोड, भोपाल–462016 के पते पर दिनांक / /2022 तक सायं 05:30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

2.10 निविदाकर्ता फर्म को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि डिग्री प्रमाणपत्र की प्रिन्टिंग का कार्य स्वयं की प्रिन्टिंग प्रेस में ही संपादित करेगा। अतः निविदाकर्ता के पास स्वयं की आफसेट मशीन, हार्ड स्टेंपिंग, कटिंग मशीन कम्प्यूटर्स, मल्टीकलर मशीन, प्लेट मेंकिंग मशीन आदि होना चाहिए। **प्रेस संबंधी तकनीकी योग्यता** के प्रमाण संलग्न करें।

## भाग – 3
## निविदा की शर्तें

3.01 **अनुबंधः–**

3.011 सफल निविदाकर्ता को एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा, जो विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं फर्म के प्राधिकारी के मध्य निष्पादित होगा। अनुबंध के समय स्टाम्प आदि पर होने वाला व्यय, सफल निविदाकार को स्वयं वहन करना होगा। ***अनुबंध की संपूर्ण अवधि के दौरान EMD/समतुल्य राशि निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) के रूप में विश्वविद्यालय में जमा रहेगी। यदि EMD विश्वविद्यालय के खाते में जमा होती है तो, उसे निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) के रूप में माना जावेगा।*** अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन होने पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) को राजसात कर उसका नकदीकरण किया जा सकेगा।

कार्य के लिए निष्पादित अनुबंध की अवधि विश्वविद्यालय द्वारा **अनुबंध जारी करने की तिथि से एक वर्ष के लिए होगी।** एजेन्सी द्वारा दी जाने वाली कार्य व्यवस्था कार्यावधि के दौरान सन्तोषजनक पाये जाने पर कार्य अवधि आपसी सहमति से प्रतिवर्ष के मूल्यांकन के हिसाब से एक–एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा इसे अधिकतम 3 वर्षों तक ही बढ़ाया जा सकेगा। फर्म से अनुबंध की अवधि में कार्य की मूल अनुबंध की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी अर्थात् अनुबंधित दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि मान्य नहीं होगी।

3.012 **निविदा की शर्ते, विश्वविद्यालय एवं फर्म के मध्य होने वाले अनुबंध का अनिवार्य भाग होगी। अनुबंध की शर्तो में किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में निविदा की शर्तो को ही आधार माना जावेगा।** अनुबंध संपादित होने के उपरांत कार्य संपादन न करने की दशा में उनके द्वारा जमा की गई निविदा की ईएमडी/निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) विश्वविद्यालय द्वारा राजसात (जब्त) कर ली जावेगी। साथ ही फर्म को काली सूची (Black List) में रखने की कार्यवाही की जा सकेगी। सफल निविदाकार द्वारा कार्य पूर्ण नही करने की स्थिति में विश्वविद्यालय अन्यत्र से कार्य पूर्ण कराने के लिए स्वतंत्र होगा। अन्यत्र कार्य संपादित कराने पर होने वाले संपूर्ण व्यय अनुबंधित फर्म के देयक से कटौती योग्य होगा। इसके अतिरिक्त कुल कटौती का 10 प्रतिशत तक की राशि दंड स्वरूप अनुबंधित फर्म से वसूली की जावेगी।

3.013 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष अनुबंध समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक है।

3.02 **निविदा निरस्तः–**

3.021 निविदा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने की स्थिति में, विलंब से प्राप्त निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

3.022 निविदा के साथ विश्वविद्यालय द्वारा चाही गयी निविदा प्रतिभूति राशि एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारियॉ अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में प्राप्त निविदा निरस्त मानी जायेगी।

3.023 विश्वविद्यालय द्वारा सौपा गया कार्य, विवि के निर्देशों/विनिर्देशों के अनुरूप तैयार किया जाना अथवा मुद्रित किया जाना आवश्यक होगा। कार्य/मुद्रण दिए गए विनिर्देशों और निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाए जाने पर किसी भी समय निविदा के फलस्वरूप संपादित अनुबंध को समाप्त करने की कार्यवाही की जा सकेगी। साथ ही प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी। सौंपे गए कार्य के निष्पादन के दौरान किसी भी अवसर पर विवि के अधिकारी/प्रतिनिधि कार्य का निरीक्षण एवं गुणवत्ता की परख करने के लिए स्वतंत्र होगें। निविदा शर्तो/अनुबंध के विपरीत पाए जाने पर फर्म से अनुबंध समाप्त किया जा सकेगा।

**3.3 जिम्मेदारीः–**

**3.3.1 विश्वविद्यालय की** :–विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा डिग्री मुद्रण कार्य करने के लिए, कम्प्यूटर डाटा तथा परीक्षार्थी के प्राप्तांक एवं अन्य आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराये जायेंगे। डिग्री प्रमाणपत्र के आगे एवं पीछे भाग पर मुद्रित होने वाला प्रारूप (सेंपल) विश्वविद्यालय के डिग्री सेल द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

**3.3.2 अनुबंधकर्ता फर्म कीः–** अनुबंधकर्ता फर्म, विश्वविद्यालय से, डिग्री प्रमाणपत्र के प्रारूप (सेंपल) का अनुमोदन कार्यादेश दिनांक से सात दिवस के भीतर करवायेगा। यह अनुमोदन केवल छपाई, रूलिंग, नंबरिंग आदि के संदर्भ

में होगा, न कि कागज की स्पेसिफिकेशन के संदर्भ में। डिग्री प्रमाणपत्र, विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत प्रारूप, स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्य पूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी (±10 GSM acceptable) । आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदाकार को उनके व्यय पर वापस की जाएगी।

3.4 डिग्री प्रमाणपत्र मुद्रण में लगने वाले कागज एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था अनुबंधकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

**3.5 भुगतान प्रकियाः–**

3.5.1 देयक "कुलसचिव, मध्य प्रदेश भोज विश्वविद्यालय, भोपाल" के पक्ष में तीन प्रतियों में तैयार किए जाएंगे और अग्रिम मुहर लगी रसीद के साथ प्रस्तुत किए जायेंगे। तैयार डिग्री प्रमाणपत्र का भुगतान विनिर्दिष्ट देयक जमा करने पर ही किया जाएगा। देयक के साथ विद्यार्थी के अभिलेख में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करने बाबत प्रमाण पत्र (Non-Tampering Certificate), सामग्री जमा के चालान/पावती, सामग्री की सेंपल प्रति उपलब्ध कराना होगा। निविदा में स्वीकृत दरें जीएसटी रहित (Without GST) है।

3.5.2 निविदा अनुसार डिग्री प्रमाणपत्र प्रदाय की दरें F.O.R. म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट होगी। निविदाकर्ता स्वयं के व्यय पर विवि मुख्यालय में निर्देशित स्थान पर बिना किसी परिवहन व्यय के डिग्री सौपेंगें। डिग्री परिवहन इत्यादि में क्षतिग्रस्त होने पर मान्य नही की जायेगी एवं उन डिग्रियों का भुगतान नहीं किया जाएगा।

3.5.3 सफल निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी0डी0एस0 एवं नियमानुसार किए जाने वाले अन्य करों की कटौती/भुगतान की जावेगी।

3.5.4 कार्यादेश पूर्ण होने अथवा अनुबंध समाप्त होने पर कोई बकाया न होने (No Dues) की स्थिति में ही विश्वविद्यालय द्वारा निविदा की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) वापिस की जावेगी। निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि से किसी भी प्रकार की लेनदारी/देनदारियों का समायोजन स्वीकार्य नहीं होगा ।

3.5.5 फर्म द्वारा प्रदाय सामग्री की पेपर टेस्टिंग विश्वविद्यालय द्वारा कराई जाएगी। तदोपरांत भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। पेपर टेस्टिंग पर होने वाले व्यय सफल निविदाकार फर्म द्वारा वहन किया जावेगा।

**3.6 डिग्री प्रमाणपत्र प्रदाय की समयावधिः–**

3.6.1 विवि कार्यादेश की तिथि, अनुमोदित प्रूफ रीडिंग, एवं संबंधित डाटा प्रदान करने की तिथि जो भी अद्यतन हो, से 45 दिवस के भीतर डिग्री प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से प्रदान कराना होगा।

3.6.2 अन्यथा की स्थिति में, विश्वविद्यालय की पूर्व अनुमति प्राप्त कर, समय सीमा 10 दिवस तक बढाई जा सकेगी।

3.6.3 विलंब से प्रदान करने की स्थिति में दंड अधिरोपण की कंडिका 3.73 अनुसार पेनाल्टी अधिरोपित की जावेगी।

**3.7 दण्ड अधिरोपणः–**

3.7.1 **कार्य सन्तोषजनक न होनाः**–कार्य सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता को प्रदायित कार्य का आदेश म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं निविदा की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जब्त/राजसात की जावेगी। इसमें विश्वविद्यालय को जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली भी स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती करने का पूर्ण अधिकार कुलपति, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधीन रहेगा।

3.7.2 **सामग्री में त्रुटिः–**

3.7.2.1 सभी सामग्री की पूर्व स्वीकृत कागज की मान्य गुणवत्ता अनुसार होनी चाहिए।

3.7.2.2 कंडिका 3.7.2.1 के अतिरिक्त 1 से 10 जीएसएम की कमी में 2% की दर से देयक में कटौती की जावेगी। 10 जीएसएम से अधिक की कमी पर सामग्री स्वीकार नहीं की जावेगी।

3.7.3 **विलम्बः–**
सामग्री निर्धारित समयसीमा के पश्चात् प्रदाय की जाती है तो विलंब से प्राप्त सामग्री के कुल देयक राशि में से 3% विलंब शास्ति के रूप में कटौती की जाएगी। इसके अतिरिक्त निविदा की अन्य शर्तों का पालन न करने पर कटौती करने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के कुलपति के विवेकाधीन सुरक्षित रहेगा।

3.7.4 **निविदा निष्पादित करने में असफल होनाः**–यदि एक बार सफल निविदाकार को विश्वविद्यालय द्वारा डिग्री प्रमाणपत्र प्रदाय का कार्यादेश दिया है एवं संबंधित निविदाकार अपने निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) या निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जो उपलब्ध हो, विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जावेगी एवं फर्म को काली सूची में रखा जाएगा।

3.7.5 **निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने परः–** निविदाकर्ता एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदाकर्ता एजेन्सी के विरूद्ध मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा नियमानुसार निविदा/अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई प्रतिभूति राशि (EMD) राजसात कर ली जावेगी।

3.7.6 **कार्यादेश किसी अन्य फर्म को सबलेट करना, पाये जाने परः**–सफल निविदाकार को कार्यादेश अनुसार स्वयं कार्य संपादित करना होगा, किसी अन्य फर्म को सबलेट नहीं किया जा सकेगा। फर्म द्वारा सबलेट करने संबंधी तथ्य संज्ञान में आने पर कार्यादेश निरस्त करने, अनुबंध समाप्त करने एवं EMD/Performance Guarantee जब्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा। यदि कार्य सबलेट करते हुए कार्य संपादित किया गया है तो देयक का भुगतान नही किया जायेगा एवं साथ ही यदि कोई भुगतान पूर्व में किया गया हो तो तथ्य संज्ञान में आने पर वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

3.7.7 **अन्य शर्तो का पालन न करनाः**–उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तो का पालन न करने पर कटौती का अधिकार मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा।

3.8 **निविदा मान्य नहीं होने परः–** जो निविदाऐं मान्य नहीं होगी उनकी निविदा प्रतिभूति की राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी। स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) पर विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.9 सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जावेगी । निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी। निविदा शर्त का शिथिलीकरण नही किया जाएगा।

3.10 **L1 द्वारा किसी भी कारण से कार्य संपादन करने से मना करने परः–** L2 से अनुबंध संपादन करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का निर्णय अंतिम होगा। ऐसी स्थिति में L1 फर्म की प्रतिभूति राशि (EMD) राजसात कर ली जावेगी।

3.11 **कुलपति, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार :–**

3.11.1 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर स्व–विवेक से पैरामीटर/ प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होंगे। इस संबंध में किसी भी प्रकार का दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.11.2 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

3.11.3 किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार सुरक्षित है।

3.11.4 कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर कुलपति का निर्णय अंतिम होगा।

3.11.5 निविदा के भाग–4 में आवश्यकतानुसार आंशिक संशोधन करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते है।

3.11.6 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

3.11.7 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

## भाग –4
## डिग्री प्रमाणपत्र का विवरण एवं कागज का स्पेसिफिकेशन

4.1 **डिग्री प्रमाणपत्र स्पेसिफिकेशनः–**

4.101 बैट पद्धति से बना A4 SIZE हैण्डमेड पेपर 300 जीएसएम (±10 GSM acceptable) ।
4.102 गोल्डन करेंसी लेयर, सफेद, मोनो, गोल्डन, बैनर नीला (हार्ड स्टेम्पिंग) ।
4.103 प्रथम पृष्ठ पर थ्री–डी गोल्डन होलोग्राम।
4.104 अल्ट्रावाईलेट टिंट बेस ।
4.105 पृष्ठ भाग पर ओरीजिनल का होलोग्राम । करेंसी कोड मेल/फिमेल ।
4.106 पृष्ठ भाग में ग्राफिक्स डाटा बैंक पट्टी सर्च करने पर ओरिजनल दिखाई देना चाहिए।
4.107 सेंटर में गोल्डन अल्ट्रावायलेट मोनो ।
4.108 बाये ओर शार्ट अल्ट्रावाइट से नाम (अदृश्य) ।
4.109 निगेटिव वॉटर मार्क अल्ट्रावाइलेट ।
4.110 पृष्ठ भाग में कम्प्यूटर डिग्री नंबर ।
4.111 पृष्ठ भाग में मोनो एवं चेकिंग बाक्स ।
4.112 प्रथम पृष्ठ मल्टीकलर एवं मोनो मल्टीकलर अनेक विषयों की आवश्यकतानुसार डिग्री में मल्टीकलर मोनों।
4.113 डिग्री की फोटोकापी करने पर करेंसी कोड हू–बहू स्केन नही होना चाहिये सिर्फ (श्वेत–श्याम) ।
4.114 टिनवेस हिन्दी/अंग्रेजी, मेल/फिमेल (करेंसी कोड) ।
4.115 रेड अल्ट्रा मार्क सभी डिग्री में रहेगा ।
4.116 डिग्री में सबसे नीचे दो स्कीन स्ट्रिप रहेगा जिसमें सर्च करने पर डाटा दिखाई देना चाहिए ।
4.117 डिग्री के चारों ओर अल्ट्रा माइको बार्डर ।
4.118 डिग्री का मुद्रण पांच कलर में होगा ।
4.119 डिग्री में बैनर करेंसी लेयर मोनो हार्ड स्टेम्पिंग से रहेगा तथा टिन्ट बेस अल्ट्रावायलेट एवं डिग्री प्रोफार्मा आफसेट से मुद्रित रहेगा ।
4.120 कागज में मुद्रित शब्दों को करेक्शन करने या जोडने से मूल डिग्री में पेपर का स्वरूप बदल जाना चाहिए।
4.121 मुद्रित मैटर किसी भी स्केनर से हूबहू फोटो कापी नही होना चाहिए (B/W को छोडकर)।
4.122 पूरी डिग्री चैक सिक्योरिटी पद्धति फारमेट से मुद्रित होगी ।
4.123 डिग्री में डिजीटल हस्ताक्षर भी हो सकेंगें ।
4.124 करेंसी नंबर सिस्टम पद्धति से डिग्री में नंबरिंग करना होगा।
4.125 डिग्री में चैकिंग बाक्स, ओरिजिनल ग्राफिक्स का 3D स्टीकर तथा डिग्री नंबरिग प्रिंट रहेगा।
4.126 डिग्री के पृष्ठ भाग में मोनो थर्मोक्रमिक इंक से प्रिटिंग होगी जो मिटाने के बाद 40 डिग्री सेल्सियस तापमान पर कलर बदलना चाहिए तथा पुनः उसी कलर मे हो जाना चाहिए ।
4.127 अन्य सामान्य सिक्योरिटी फीचर

4.2 **डिग्री प्रमाणपत्र डाटाः–**

4.21 डिग्री प्रमाणपत्र में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय डाटा अनुसार विद्यार्थी का नाम, पिता/माता का नाम एवं अन्य कम्प्यूटराईज्ड डाटा हिंदी/अंग्रेजी में होना चाहिए।
4.22 डिग्री प्रमाणपत्र में मल्टीकलर फोटोग्राफ, बार कोड, क्यूआर कोड **(कोड में विद्यार्थी का संपूर्ण डाटा** कंडिका 4.21 आदि **अंकित हो)** होना चाहिए।

4.3 **डिग्री प्रमाणपत्र की अनुमानित संख्या एवं विवरणः–**

| **क्र0** | **विवरण** | **संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | बैट पद्धति से बना A4 SIZE हैण्डमेड पेपर 300 जीएसएम (±10GSM acceptable) निविदा के भाग 4 अनुसार | लगभग 1,50,000/आवश्यकतानुसार |

# निविदा प्रपत्र–1

## प्रमाणपत्र
## (अपलोड किए अभिलेखों की जानकारी)

प्रमाणित किया जाता है कि अपलोड करने से पूर्व –

अ) निविदा की कंडिका 2.7 अनुसार अभिलेखों के प्रत्येक पृष्ठ को फर्म की सील के साथ हस्ताक्षरित किया गया है। एक भी पृष्ठ बिना सील एवं हस्ताक्षर के अपलोड नहीं है।

ब) अभिलेखों पर पेज नं0 दर्ज किए गए हैंएवं निम्न तालिका के कॉलम–3 में दर्शाया गया है।

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| क्र. | विवरण | पेज नं0 |
| 01 | **निविदा प्रपत्र –1** (अपलोड किए अभिलेखों की पृष्ठवार जानकारी) | 01 |
| 02 | **निविदा प्रपत्र –2** (निविदाकार फर्म की जानकारी) | 02 |
| 03 | **निविदा प्रपत्र –3** (रू0 1000/– रू. एक हजार मात्र के स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथपत्र) | 03 |
| 04 | **टर्नओवरः– निविदा प्रपत्र–4** निविदा की कंडिका 2.2 अनुसार | 04 |
| 05 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000/–रू. पॉच हजार मात्र जमा की रसीद एवं प्रतिभूति राशि रूपये 2,00,000/– रू. दो लाख मात्र जमा की रसीद | 05 |
| 06 | निविदा की कंडिका 2.6 अनुसार<br>संस्था/फर्म/कम्पनी का वैध **रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र** की छाया प्रति।<br>आयकर विभाग द्वारा जारी पेन/टेन (PAN/TAN) की छाया प्रति ।<br>जीएसटी (GST) पंजीयन की छाया प्रति ।<br>(ड़) डिग्री मुद्रण कार्य का ISO: 9001 – 2015 प्रमाणपत्र । | |
| 07 | **इनकम टैक्सः**–निविदा की कंडिका 2.4 अनुसार | |
| 08 | **बेलेन्सशीटः**–निविदा की कंडिका 2.3 अनुसार | |
| 09 | **अनुभवः– निविदा प्रपत्र–5** निविदा की कंडिका 2.1 अनुसार | |
| 10 | **प्रेस संबंधी तकनीकी योग्यता** निविदा की कंडिका 2.10 अनुसार | |

**टीप– वांछित सेंपल डाक/ वाहक द्वारा निर्धारित समयसीमा में भेजा गया है।**

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

# निविदा प्रपत्र–2

प्रति,

कुलसचिव,
म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल ।

विषयः– डिग्री प्रमाणपत्र (डाटा सहित) मुद्रण की निविदा वर्ष 2022 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | फर्म का रजिस्ट्रेशन नं0 | |
| 03 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 04 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 05 | पदनाम | |
| 06 | दूरभाष नम्बर | लेण्डलाईन :<br>मोबाईल : |
| 07 | ई–मेल | |
| 08 | PAN / TAN<br><br>जीएसटी नं0 | |
| 09 | वार्षिक टर्नओवर<br>1 वित्तीय वर्ष :<br>2 वित्तीय वर्ष :<br>3 वित्तीय वर्ष :<br>4 वित्तीय वर्ष :<br>5 वित्तीय वर्ष : | |
| 10 | डिग्री मुद्रण कार्य अनुभव (वर्षो में) | |

## घोषणा पत्र

**मेरे/हमारी संस्था द्वारा निविदा में दिए गए सभी नियम/ शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं निविदा की शर्तों के अधीन म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के लिए डिग्री प्रमाणपत्र (डाटा सहित)मुद्रण कार्य करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करते हैं।**

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

# प्रपत्र – 3
# (निविदा प्रपत्र)

## शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित
## रू0 1000/–के स्टाम्प पर

मैं निविदाकर्ता संस्था........................................................ (फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ............. ........................................................................... (एकल स्वामी/ साझेदार/ संचालक/ मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हूं तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता ..... ......................................है।

1 मैने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्तें मुझे तथा हमारी संस्था को अक्षरशः मान्य हैं।
2 निविदा में वर्णित सभी कार्यो को सम्पादित करने के लिए मेरे/ हमारी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां उपलब्ध है।
3 हमारी संस्था को किसी भी शास0/अर्ध शास0 संस्था/उपक्रम/सहकारी संघ से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।
4 हमारी फर्म पर किसी शासकीय संस्था/ उपक्रम तथा बैंक की देनदारी शेष नहीं हैं एवं हमारी फर्म को कभी भी दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।
5 हमारी फर्म को आयकर, वाणिज्य कर एवं अन्य करों के भुगतान के संबंध में डिफाल्टर घोषित नहीं किया गया। इस संबंध में हमारे विरूद्व कभी भी वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई है और न ही किसी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही वर्तमान में प्रचलन में है। हमारी संस्था के विरूद्ध डिग्री मुद्रण कार्य सम्बन्धी, कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी आपराधिक मामले में सीधे दोषी पाया गया है।
6 मेरे/ हमारी संस्था द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गई सभी जानकारियां पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणिक हैं। किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे/ हमारे द्वारा निष्पादित निविदा निरस्त किया जाना मुझे/हमें मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) को म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा राजसात किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

**शपथग्रहिता**

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (6) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

**शपथग्रहिता**

**प्रपत्र – 4**

# प्रमाणपत्र

## (सी ए द्वारा सत्यापित)
## अंकेक्षित लेखों का सारांश

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स.......................................................................................पता.................... .......................................................................................के विगत पांच वर्षों के अंकेक्षित लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जांच मेरे द्वारा की गई। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का समान प्रकृति के कार्य अर्थात् डिग्री प्रमाणपत्र मुद्रण कार्य का आवर्त (टर्न ओवर) इस प्रकार हैः–

| क्रमांक | वर्ष | राशि (शब्दों में) | राशि (अंको में) |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |
| 02 | | | |
| 03 | | | |
| 04 | | | |
| 05 | | | |

**टीपः– शब्दों एवं अंकों में राशि का अंतर होने पर शब्दों की राशि को माना जावेगा ।**

उपर्युक्त आवर्त की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जांची गई हैं। जिसे प्रशासन म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल की निविदा शर्तों के अनुसार वांछित शर्त के रूप में प्रमाणित करता हूं।

स्थानः .................................
चार्टर्ड एकाउंटेंट के हस्ता0: .......................................

दिनांकः .................................
चार्टर्ड एकाउंटेंट का नामः .......................................

चार्टर्ड एकाउंटेंट की पदमुद्राः .......................................

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

# प्रपत्र –5

## (अनुभव)

LIST OF PRESENT AND PAST CLIENTS
**Degree Printing Work Only**

| स0क0 Sno | वर्ष Year | संस्था का नाम, शहर जहॉं डिग्री का कार्य किया है Name of Organisation & City | डिग्री / डिप्लोमा / प्रमाणपत्रों की संख्या No of Degree / Diploma/ Certificate | वार्षिक टर्नओवर Annual Turnover |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |
| 6 | | | | |
| 7 | | | | |
| 8 | | | | |
| 9 | | | | |
| 10 | | | | |
| ... | | | | |
| ... | | | | |
| ... | | | | |
| ... | | | | |
| ... | | | | |

नोट :– एक वर्ष में जिन–जिन शैक्षणिक संस्थाओं में डिग्री प्रिंटिंग का कार्य संपादित किया हो, उन्हें कमवार दर्शाए। साथ ही संबंधित प्रमाण संलग्न करें।

# प्रपत्र – 6
## (वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

**दर प्रति विद्यार्थी रूपये में (Rate Per Student in Rs.)**

| क0 | कार्य का विवरण | दर शब्दों में | दर अंको में |
|---|---|---|---|
| 1 | एक बैट पद्धति से बना A4 SIZE सफेद हैण्डमेड पेपर 300 जीएसएम (±10 GSM acceptable) डिग्री प्रमाणपत्र Specification **निविदा अनुसार** | | |

**प्रस्तुत दर जी0एस0टी0 रहित (Without GST)**